## NOTE FOR JUSTIFICATION FOR FOREST LAND

कार्य का नाम :– जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत विनायक रिखाड़ कोटियाग मोटर मार्ग का निर्माण कार्य। ( लम्बाई 7.00 किमी0) ।

जनपद अल्मोड़ा विकास खण्ड भिकियासैन के अन्तर्गत विनायक रिखाड़ कोटियाग मोटर मार्ग का निर्माण प्रस्तावित है। वर्तमान में रिखाड़ तथा कोटियाग ग्राम किसी भी लिंक मार्ग या सडक मार्ग से जुड़े हुए नहीं है जिससे यहॉ की जनता को अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र से निर्मित मोटरमार्ग तक जाने हेतु पैदल 3 घण्टे चलना पड़ता है जिससे ग्रामीणों को तथा विशेषकर गर्भवती महिलाओं को प्रसव के दौरान एंव वृद्धों को उपचार हेतु अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इस क्षेत्र फल एंव सब्जी का भी अत्यधिक उत्पादन होता है, तथा मार्ग के अभाव में कास्तकार अपनी उत्पादित सामग्री को हैड लोड से बाजार तक पहुॅचाते है। अतः उक्त मोटर मार्ग का निर्माण अति आवश्यक है। इस मोटर मार्ग के लिये 2 समरेखन निर्धारित किये गये थे :–

समरेखन–1 यह समरेखन भिकियासैन विनायक मोटर मार्ग के किमी0 15 से प्रारम्भ होता है। इसकी लम्बाई 7.00 किमी0 है। यह समरेखन अधिक जनता को लाभान्वित करता है इसमें आम लोगों की सहमति भी है और इस समरेखन से मार्ग के निर्माण की लागत भी कम आयेगी। भूगर्भीय वैज्ञानिक द्वारा भी इसी समेरखन पर सहमति दी गई है।

समरेखन–2 यह समरेखन भिकियासैन विनायक मोटर मार्ग के किमी0 15 से प्रारम्भ होता है। इसकी लम्बाई 7.50 किमी0 है। इस समरेखन से कम आबादी लाभान्वित होती है तथा इसमें आम लोगों की सहमति भी नहीं है।

उपर्युक्त दोनों समरेखनों के अतिरिक्त अन्य और कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है तथा समरेखन–1 में न्यूनतम वन भूमि प्रभावित होती है तथा वन भूमि के अतिरिक्त निर्माण हेतु कोई और विकल्प भी उपलब्ध नहीं है। अतः क्षेत्र की जनता को लाभान्वित करने हेतु परियोजना को वन भूमि में प्रस्तावित किया गया है।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0विभाग,
रानीखेत ।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0विभाग,
रानीखेत ।